
रेलिंग तोड़कर नदी में गिरी कार, व्यवसायी और पूर्व सांसद के रिश्तेदार की मौत

पूर्णिया (आससे)। शहर के व्यस्ततम कसान पुल के समीप एक दिल दहला देने वाला और बड़ा सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें शहर के जाने-माने व्यवसायी एवं पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा के रिश्तेदार विनय कुमार बबलू (बबलू विश्वास) की अकाल मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे पूर्णिया शहर को झकझोर कर रख दिया है और हर तरफ शोक की लहर दौड़ गई है।

यह भीषण हादसा गुरुवार की देर शाम हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, डगरूआ थाना क्षेत्र के कोचैली गांव के रहने वाले विनय कुमार बबलू अपनी फॉर्च्यूनर कार से खुशकीबाग की तरफ से पूर्णिया शहर की ओर आ रहे थे। हादसे के वक्त वह गाड़ी में बिल्कुल अकेले थे। जब उनकी गाड़ी कसान पुल के पास कसान पाड़ा के समीप पहुँची, तो दो समानांतर पुलों के बीच अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण छूट गया। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर पुल की मजबूत रेलिंग को बुरी तरह तोड़ते हुए सीधे नीचे सौरा नदी के गहरे पानी में जा गिरी।

घटना के तुरंत बाद पुल के आसपास अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। मौके पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीछे ही अपनी गाड़ी से आ रहे एक प्रत्यक्षदर्शी मुन्ना ने बताया कि फॉर्च्यूनर काफी तेज गति में थी और नियंत्रण खोने के बाद सीधे नदी में समा गई। उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए 112 नंबर पर फोन कर पुलिस और प्रशासन को इस



अनहोनी की सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, नदी में गिरने के बाद करीब 20 मिनट तक डूबी हुई गाड़ी की हेडलाइट जलती रही, जिसके बाद वह बुझ गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ (स्ठ्ठक्र) की टीम युद्धस्तर पर मौके पर पहुँची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। रात के अंधेरे और नदी के गहरे पानी के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना काफी चुनौतीपूर्ण था। इस दौरान सदर एसडीएम विग्नेश टीएन, सदर एसडीपीओ-1 अभिनव परासर और ट्रैफिक डीएसपी रंजन कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे रहे और पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखी। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया।

लगभग एक घंटे तक चले कड़े संघर्ष और मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से नदी के गहरे पानी में डूबी फॉर्च्यूनर कार को बाहर निकाला गया। वाहन की स्थिति देखकर हादसे की भीषणता का अंदाजा लगाया जा सकता था, क्योंकि टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ चुके थे। कार से निकालकर व्यवसायी को आनन-फानन में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच) पहुँचाया गया, जहाँ ड्यूट पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जीएमसीएच में शव पहुँचते ही अस्पताल परिसर में शहर के छोटे-बड़े व्यवसायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का तांता लग गया। हादसे की खबर मिलते ही पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा तुरंत अस्पताल पहुँचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इसके अलावा सांसद पप्पू यादव के प्रवक्ता राजेश यादव, प्रताप सिंह, राकेश कुमार, विजय राय, आलोक राज और प्रकाश सिंह पटेल सहित कई गणमान्य लोग भी अस्पताल में मौजूद रहे।

मृतक विनय कुमार बबलू दमका चौक पर एक शोरूम का व्यवसाय चलाते थे और अपने मिलनसार, सौम्य तथा सहृदय स्वभाव के लिए जाने जाते थे। समाज के हर वर्ग के साथ उनका गहरा और आत्मीय जुड़ाव था। उनके इस तरह अचानक और असमय दुनिया से चले जाने से पूर्णिया के व्यापारिक, सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई होना नामुमकिन है। पुलिस इस पूरे मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया और जाँच में जुटी हुई है।

शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण का 31 अक्टूबर तक डीएम ने दिया अल्टीमेटम, लापरवाही पर होगी कारवाई

किशनगंज (आससे)। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को उनकी अध्यक्षता में आयोजित जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में खाद्यान्न वितरण, नए राशन कार्ड निर्माण और जन वितरण प्रणाली की दुकानों की निगरानी की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित खाद्यान्न का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डीएम ने नए राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया, ताकि सभी पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को समय पर खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने और पात्र लाभुकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगवाने पर विशेष जोर दिया।

खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी करने तथा प्रत्येक पात्र लाभुक तक निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र की जन वितरण प्रणाली दुकानों का नियमित निरीक्षण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न भंडारण, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी और अन्य अभिलेखों की जांच कर नियमों के अनुरूप वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने दो टूक कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाना सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी जिम्मेदारी है। इसलिए वितरण में गड़बड़ी, लापरवाही अथवा निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्यान्न वितरण से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने और क्षेत्रीय निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का भी निर्देश दिया।

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना



नाम : अंशिका (काल्पनिक नाम) रंग : साँवला
उम्र : 06 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता–अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : दिनांक 30.09.2026 को मुरार थाना अंतर्गत मसहिया फिल्ड के पास मनपा पुल की ओर जाने वाली पक्की सड़क के किनारे पड़ी हुई थी, जिला–बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि–05.10.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता–पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0–9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल–adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 014461 (B&C) 2026-27
सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
समाहरणालय, जहानाबाद
ई–मेल :– dm-jehanabad.bih@nic.in वेबसाईट :– jehanabad.bih.nic.in
दूरभाष/फैक्स :–06114–223142
(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य, कला एवं संस्कृति विभाग बिहार पटना के पत्रांक 1241 दिनांक 15.10.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 03.12.2026 से 05.12.2026 तक जहानाबाद जिला में आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम को सूचारू एवं सफल कार्यन्वयन के निमित गाँधी मैदान जहानाबाद में विभिन्न कार्य सम्पन्न हेतु इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण एवं निस्तारण की तिथि निम्न प्रकार है:–

प्रथम		द्वितीय निविदा		तृतीय निविदा	
निविदा आमंत्रण की तिथि 06.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 06.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 14.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 14.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 21.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 21.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)

निविदा जिला नजारत शाखा जहानाबाद में द्वि–पद्वति मुहरबंद लिफाफे में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्राधिकार पत्र के साथ) की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदा के शर्तों एवं विशिष्टियों के लिए जिला के बेवसाईट–www.jehanabad.nic.in पर या जिला नजारत शाखा, जहानाबाद से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक 04.11.2026 को अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय में स्थित सभा कक्ष में उक्त कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कार्य का विस्तृत विवरण एवं प्रस्तुतिकरण जिला प्रशासन के द्वारा किया जायेगा। अतः सभी इच्छुक निविदादाता को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में ससमय उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

NOTE:
❖ Representative sample designs have been provided in the Annexure for reference. The design of the pandal, entrance gates, sculptures, and other decorative elements shall conform as closely as practicable to the attached samples. Interested bidders shall be required to present their proposed designs during the pre-bid meeting. The final designs shall be approved by the competent authority before execution of the work, following the award of the tender. Payment shall be made strictly in accordance with the approved designs and the actual work executed, subject to verification and certification by the competent authority.
❖ The entire arrangement is intended for a State-level programme, with events scheduled to continue from the forenoon until late evening. Accordingly, the bidder shall ensure adequate lighting arrangements throughout the event venue, including all key areas and access routes, while maintaining the aesthetic appeal and decorative features of the overall setup.

इसके अतिरिक्त भी स्थल पर आवश्यकतानुसार कार्य कराया जा सकता हैं।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 014585 (District) 2026-27
जिला पदाधिकारी,
जहानाबाद
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही निवेश बस यात्रा

कटिहार। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड निवेश बस यात्रा पटना से शुरू होकर मुजफ्फरपुर, दरभंगा होते हुए भागलपुर के बाद अब गया पहुंच गई है। इस यात्रा के जरिये राज्य की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इन सभी स्थानों के समुदायों तक वित्तीय शिक्षा पहुंचा रही है केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा कि आज के बदलते वित्तीय माहौल में जानकारी उतनी ही ताकतवर है, जितनी समझ। जो निवेशक जानकार होता है, वह न सिर्फ अपने लिए बेहतर फैसले लेता है, बल्कि एक मजबूत वित्तीय इकोसिस्टम बनाने में भी योगदान देता है। निवेश की जानकारी आसान हो, सबकी पहुंच में हो और उस पर अमल भी हो सके, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि निवेश बस यात्रा का मकसद वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचाना है। यह यात्रा अब तक 19 राज्यों में जा चुकी है। अब हम इसे बिहार लेकर आए हैं, ताकि कई शहरों के लोगों से जुड़ सकें, निवेश की बातें आसान भाषा में समझा सकें, आम गलतफहमियां दूर कर सकें और लंबी अवधि की वित्तीय योजना को बढ़ावा दे सकें।

इज्तेमा में उमड़ा आस्था का सैलाब, अकीदतमंदों ने अदा की जुमे की नमाज

शनिवार से शुरू होगा तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा ● सात जिलों से पहुंचे नमाजी, अमन-चैन और भाईचारे के लिए उठे हजारों हाथ

फलका (कटिहार) आससे। फलका प्रखंड क्षेत्र के सालेहपुर हल्का में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा को लेकर पूरे इलाके में रूहानियत और उत्साह का माहौल है।



शनिवार से शुरू होने वाले इस बड़े धार्मिक समागम से पहले शुक्रवार को जुमे की नमाज में अकीदतमंदों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि विशाल पंडाल नमाजियों से भर गया। फलका सहित सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया समेत आसपास के विभिन्न इलाकों से पहुंचे 50 हजार से अधिक लोगों ने एक साथ सफ में खड़े होकर जुमे की नमाज अदा की। नमाज के दौरान पूरा इज्तेमा परिसर इबादत, अनुशासन और आध्यात्मिक आस्था की अनूठी तस्वीर पेश कर रहा था। जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही अकीदतमंदों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते पंडाल और आसपास का परिसर नमाजियों से भर गया। नमाज से पूर्व उलमा-ए-किराम ने अपनी तकरीर में कुरान और हदीस की रोशनी में जिंदगी गुजारने की नसीहत दी।उन्होंने लोगों से नेक रास्ते पर चलने, इंसानियत की खिदमत करने, आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा तमाम तरह की बुराइयों से दूर रहने की अपील की। नमाज के बाद बारगाहे-इलाही में मुल्क की तरक्की, खुशहाली, अमन-चैन और सामाजिक सौहार्द के लिए विशेष दुआ मांगी गई। एक साथ हजारों हाथ दुआ के लिए उठे तो पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण में डूबा नजर आया।31 अक्टूबर से दो नवंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय धार्मिक समागम को लेकर आयोजन स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।अकीदतमंदों की सुविधा के लिए विशाल पंडाल के साथ वजूखाना, पेयजल, रोशनी और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है। दूर-दराज से आने वाले जायरीनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर खाने-पीने और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए अस्थायी बाजार भी सजाया गया है। आयोजन समिति और स्थानीय लोग व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में जुटे हैं।आयोजन समिति के अनुसार इज्तेमा में कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज सहित बिहार के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में उलमा-ए-किराम की तकरीर के माध्यम से लोगों को दीन की बुनियादी तालीम, बेहतर अखलाक, नेक अमल और इंसानियत की खिदमत का संदेश दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य लोगों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ समाज में प्रेम, शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देना है।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सुपौल
Email Id:- ee.supaul.bcd@gmail.com
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
अति अल्पकालीन द्वितीय शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1960 अनु0 दिनांक– 13.10.2026 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–17/2026–27 जिसका PR. No.-013703 (BCD) 2026-27 है जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, अपरिहार्य कारणवश निम्न तिथियों में संशोधन किया जाता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम
1.	डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, निर्मली, सुपौल के पुराने भवन का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य।

क्र0 सं0	विवरण	निविदा में निर्धारित तिथि एवं समय	नये संशोधित (अवधि विस्तारित) तिथि एवं समय
2.	परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक–28.10.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक–29.10.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–29.10.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।	दिनांक–07.11.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।
PR- 014501 (B C D) 2026-27
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सुपौल
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बनमनखी के 12,691 किसानों के खाते में 2 करोड़ 53 लाख 82 हजार रुपये हस्तांतरित

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से देशभर के 9 करोड़ 34 लाख से अधिक किसानों के खातों में योजना की 24वीं किस्त की राशि हस्तांतरित की गई। इसके तहत बिहार के 73 लाख लाभार्थियों सहित बनमनखी प्रखंड के 12,691 किसानों के बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 53 लाख 82 हजार रुपये भेजे गए हैं। राशि हस्तांतरित होने से क्षेत्र के किसानों में हर्ष व्याप्त है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए बनमनखी के विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2019 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि धारक पात्र किसानों को कृषि एवं अन्य संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

विधायक श्री ऋषि ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र किसानों को



प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाती है। इससे किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं बिहार की डबल इंजन सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है,उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बनमनखी प्रखंड के बोहरा पंचायत में 565 बिशनपुर दत्त 968 चांदपुर भंगहा759 धरहरा 448 धरहरा चकला भुनाई 216 गंगापुर 464 जियनगंज 522 हरीमुढी 350 कचहरी बलवा 622 काझी 292 कोशी शरण देवोतर 477 लदुगढ 845 मधुबन 315 महादेवपुर 468, महाराजगंज वन 609 महाराजगंज टू 307 मझुवा प्रेम राज 401 मोहनिया चकला 367 नौलक्खी 657 पिपरा 330 रामनगर फरसाही 734 रामनगर फरसही मिलिक 17 रामपुर तिलक 227 रुपौली उत्तर 398 रुपौली दक्षिण 316 सहुरीया सुबहाय मिलीक 497 अभय राम चकला 467 किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित कर दी गई है।

फरक्का जलसंधि में सुधार को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं ने की बैठक

अमदाबाद (कटिहार) आससे। अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को प्रखंड जदयू अध्यक्ष खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में उनके आवास पर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम है बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह वर्तमान कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी मनिहारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व जदयू प्रत्याशी



शंभू कुमार सुमन पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव उपस्थित थे। आयोजित बैठक में भारत एवं बांग्लादेश के बीच चल रहे जल संधि को बिहार के हित के विपरीत बताया गया।दुलाल चंद्र गोस्वामी एवं शंभू सुमन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1995 में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों द्वारा गठित केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश के साथ गंगा जल बंटवारे को लेकर संधि हुई थी। लेकिन इसमें बिहार के हित की अवहेलना की गई। जिस कारण बिहार में बाढ़ और सुखाड़ की समस्या से यहां की आबादी प्रभावित रहती है। साथ ही नदी में गाद जमने से भूमि कटाव की समस्या भी गंभीर बनी है। जिस पर सरकार की मोटी रकम खर्च होती है। बताया कि 16 दिसंबर 2026 को केंद्र सरकार एवं बांग्लादेश सरकार के बीच दोबारा यह जल संधि होना है। लेकिन पूर्व की संधि में हुई त्रुटियों को दूर करने को लेकर नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें बिहार से होकर गुजरने वाली गंगा नदी से बिहार को आवश्यक जलापूर्ति, बाढ़ से बचाव, नदी से गाद की सफाई की मांग को लेकर कार्यक्रम चल रहा है। कहा कि जब तक पूर्व की त्रुटि को दूर नहीं किया जाएगा। तब तक गंगा नदी से बिहार को समय-समय पर बाढ़ जैसी त्रासदी झेलनी पड़ेगी। वहीं भूमि कटाव की प्रक्रिया और सुखाड़ भी यहां के किसानों के लिए एक गंभीर समस्या बनी रहेगी। वक्ताओं ने कहा कि 4 नवंबर को कटिहार में इस मांग को लेकर आवाज बुलंद करनी है जिसमें बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं को उपस्थित होना है। मौके पर आदिवासी आयोग के जिलाध्यक्ष मुकेश उरांव, जिला जदयू महासचिव राजू शाह ,नगर पंचायत अध्यक्ष जदयू अमदाबाद संजीव साह,नगर अध्यक्ष जदयू मनिहारी विजय कृष्ण सिंह, जिला जदयू महासचिव शिवानंद सिंह निषाद,राजेश रजक, प्रकाश मौआर,अमित साह, युगल किशोर शाह, मिथुन यादव,लालू यादव ऋषिकांत मंडल,विद्यांचल साह, सहित कई लोग मौजूद रहे।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय।
अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय अंतर्गत निम्नलिखित पुराने भवन को तोड़कर हटाने (नींव सहित) एवं स्थल साफ एवं समतल कर उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा निलामी आहूत की गई है। यह नीलामी दिनांक–05.11.2026 को 3:00 बजे अप0 में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

क्र0 सं0	स्थल/भवन/संरचना का नाम	न्यूनतम नीलामी राशि	नीलामी में भाग लेने आवश्यक राशि (Bank Draft) के माध्यम से	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Dismantling work of Old Block Building in Nawkothi Block, Begusarai.	60,400.00	6,100.00	15 दिन
2	Dismantling work of Old Garage Room at D-Type Quarter Campus Site Begusarai.	38,200.00	3,900.00	10 दिन
3	Dismantling Work of Dilapidated Malipur Panchayat Sarkar Building, Gadhpura Block, Begusarai.	36,900.00	3,700.00	10 दिन

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 014496 (B C D) 2026-27
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बेगूसराय।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहरणालय बेगूसराय
(जिला भू-अर्जन कार्यालय)
प्रपत्र VII
समाहर्ता–सह–समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चूँकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है, कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी रेलवे स्टेशन से तेघड़ा रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित LC No-7B पर सड़क उपरि पुल के निर्माण हेतु ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में में कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है और जो ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	948	3374	नीज	आवासीय	0.09563	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	सड़क	नीज	3371	1410/4426
2	960	3373	नीज	आवासीय	0.04077	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	3374	3372	3371	4412
3	359	3372	नीज	आवासीय	0.03311	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता–राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0–24	3373	कादिर चक शिवाना	3371	4412
4	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3371	नीज	आवासीय	0.08006	बिकास कुमार सिंह वो विवेक कुमार सिंह पिता–राजकिशोर सिंह वो संजय दास वो मनोज दास वो पिता–अशोक दास, ग्राम–फुलवारिया वार्ड नं0–24	सड़क	सड़क	3368	3373
5	941	3354	नीज	आवासीय	0.08846	आकाश पोदार वो अमन कुमार वो सोनू पोदार पिता–स्व0 रूपेश पोदार ग्राम–फुलवारिया वार्ड नं0–7	3350	3361	सड़क	3355
6	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3249	–	आवासीय	0.41143	बिहार सरकार	3248	सड़क	3209	3556
7	962	3209	–	आवासीय	0.10601	बिहार सरकार	नीज	सड़क	3208	3237
8	961	3237	नीज	आवासीय	0.00470	चंद्रशेखर राय पिता–स्व0 रामकिसुन राय वार्ड नं0–18 फुलवारिया, बरौनी	नीज	सड़क	3209	3248
9	944	3248	नीज	आवासीय	0.02693	गणेश राय वो दिनेश राय वो सुधीर राय वो अमर राय वो नवाज राय पिता–योगेन्द्र राय ग्राम फुलवारिया नगरपालिका वार्ड नं0–18	नीज	सड़क	3237	3245/3249
10	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3361	नीज	आवासीय	0.0459	अज्ञात	3355	रेलवे	सड़क	3361

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिह्नत किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण शून्य है।

ग्राम–सोगराहा, थाना–तेघड़ा, राजस्व थाना– 389, अंचल– तेघड़ा, जिला–बेगूसराय में में कुल–0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है।

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किए जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं हैं।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, बेगूसराय के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
PR- 014491 (Revenue) 2026-27
समाहर्त्ता, बेगूसराय
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।